भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 4959

सोमवार, 23 मार्च, 2026/02 चैत्र, 1948 (शक)

एनसीएस पोर्टल का प्रदर्शन

4959. **श्री कामाख्या प्रसाद तासा:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल के आरंभ से लेकर अब तक इसके माध्यम से चुने गए रोजगार के इच्छुक व्यक्तियों का लिंग-वार और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में उक्त पोर्टल के माध्यम से आयोजित किए गए ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों का ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में उक्त रोजगार मेलों के आरंभ से लेकर अब तक हासिल की गई कुल नियोजन दर का लिंग-वार और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और उनके माध्यम से कुल कितने अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान किया गया है;

(घ) उक्त अवधि के दौरान देश में एनसीएस पोर्टल के माध्यम से सृजित की गई रिक्तियों की लिंग-वार, राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और कार्यशील क्षेत्र-वार कुल संख्या कितनी है;

(ङ) सरकार द्वारा राज्य स्तर पर एनसीएस पोर्टल को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या देश में सभी रोजगार कार्यालयों/राज्य कैरियर सेवाओं का डिजिटलीकरण कर दिया गया है और उन्हें एनसीएस पोर्टल के साथ एकीकृत कर दिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (च): राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल देश भर के सभी हितधारकों को निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि करियर से संबंधित सेवाएं डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए एक वन-स्टॉप समाधान है।

एनसीएस पोर्टल पर अंतिम भर्ती के आंकड़ों को अधिसूचित करना अनिवार्य नहीं है। हालांकि, दिनांक 28.02.2026 तक, स्थापना के बाद से एनसीएस पोर्टल के माध्यम से 2.25 करोड़ से अधिक रोजगार चाहने वालों को चयनित किया गया है। चयनित रोजगार चाहने वालों का लिंग और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुबंध-I में देखा जा सकता है।

स्थापना के बाद से देश भर में एनसीएस पोर्टल के माध्यम से 65,000 से अधिक रोजगार मेले (ऑनलाइन/ऑफलाइन) आयोजित किए गए हैं और एनसीएस पोर्टल पर 8.94 करोड़ से अधिक रिक्तियां जुटाई गई हैं। एनसीएस पोर्टल पर जुटाई गई रिक्तियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और क्षेत्र-वार विवरण **https://www.ncs.gov.in/_layouts/15/ncsp/ViewStaticReport.aspx** पर देखा जा सकता है।

इसके अलावा, अब तक, 23 राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को एनसीएस पोर्टल के साथ एकीकृत किया गया है और 8 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सीधे एनसीएस पोर्टल का उपयोग कर रहे हैं।

*****

अनुबंध-I

"एनसीएस पोर्टल के प्रदर्शन" के संबंध में श्री कामाख्या प्रसाद तासा द्वारा पूछे गए लोक सभा के दिनांक 23.03.2026 के अतारांकित प्रश्न 4959 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

राज्य का नाम	**एनसीएस पोर्टल के माध्यम से चयनित रोजगार चाहने वालों का विवरण**			
	महिला	**पुरुष**	**अन्य***	**योग**
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	657	1,873	-	2,530
आंध्र प्रदेश	1,40,524	2,33,850	34	3,74,408
अरुणाचल प्रदेश	2,502	4,206	-	6,708
असम	50,460	2,01,656	288	2,52,404
बिहार	5,29,247	35,03,948	439	40,33,634
चंडीगढ़	7,259	9,608	-	16,867
छत्तीसगढ	19,454	92,118	33	1,11,605
दादरा और नगर हवेली	615	1,306	-	1,921
दमन और दीव	170	381	-	551
दिल्ली	97,284	2,15,721	15	3,13,020
गोवा	4,420	3,842	3	8,265
गुजरात	57,857	1,45,695	39	2,03,591
हरियाणा	54,117	1,55,172	86	2,09,375
हिमाचल प्रदेश	10,486	26,764	32	37,282
जम्मू और कश्मीर	10,610	41,447	2	52,059
झारखंड	1,03,148	4,75,060	263	5,78,471
कर्नाटक	74,056	1,15,712	78	1,89,846
केरल	86,761	94,861	36	1,81,658
लद्दाख	1,056	539	-	1,595
लक्षद्वीप	441	388	-	829
मध्य प्रदेश	65,347	2,51,863	22	3,17,232
महाराष्ट्र	1,75,882	4,05,239	64	5,81,185
मणिपुर	3,365	12,628	14	16,007
मेघालय	4,162	10,012	-	14,174
मिजोरम	683	674	-	1,357
नागालैंड	1,732	3,317	-	5,049
ओडिशा	1,11,584	3,52,814	112	4,64,510
पुदुचेरी	5,328	5,501	-	10,829
पंजाब	55,116	76,288	24	1,31,428
राजस्थान	40,487	2,45,641	54	2,86,182
सिक्किम	7,602	10,943	-	18,545
तमिलनाडु	2,03,444	2,10,918	459	4,14,821
तेलंगाना	63,220	1,43,038	24	2,06,282
त्रिपुरा	91,867	2,30,713	5	3,22,585
उत्तर प्रदेश	2,10,716	11,14,313	297	13,25,326
उत्तराखंड	19,791	57,315	9	77,115
पश्चिम बंगाल	23,84,504	93,75,306	1,156	1,17,60,966
राज्य निर्दिष्ट नहीं	93	291	-	384
सकल योग	**46,96,047**	**1,78,30,961**	**3,588**	**2,25,30,596**

* अन्य श्रेणियों में ट्रांसजेंडर और अनिर्दिष्ट लिंग शामिल हैं।